डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-355 / DSMNRU / COE-40/TSM/MBBS/Exam-Feb 2021-Scrutiny/2020-21 दिनांक 23.03.2021

स्क्रूटनी हेतु आवश्यक सूचना
[MBBS-I, II & III Proff.-(Exam Feb,2021)]

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ में संचालित MBBS पाठ्यक्रम की पत्रांक सी.ओ.ई–265 दिनांक 18.02.2021 के द्वारा निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार माह फरवरी, 2021 में आयोजित एम.बी.बी.एस. परीक्षा [MBBS Examination February, 2021-For MBBS 1st Proff.(Suppl.)-Batch-2019-20, MBBS 2nd Proff.(Reg.and Suppl.)-Batch-2017-18/2016-17 & MBBS 3rd Proff.(Part-I)-(Reg.and Suppl.)-Batch-2016-17] के माह मार्च, 2021 में निर्गत परीक्षाफल के दृष्टिगत जो विद्यार्थी विश्वविद्यालय परीक्षा विनियम–2014 के बिन्दु संख्या–08 पर प्रदत्त व्यवस्थानुसार स्क्रूटनी **(Scrutiny)** हेतु आवेदन करना चाहते हैं, उन इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर स्क्रूटनी–ऑन–लाइन आवेदन भरना सुनिश्चित करें:–

1) विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये स्क्रूटनी (Scrutiny) **हेतु ऑन लाइन आवेदन दिनांक 24.03.2021 से दिनांक 26.03.2021 तक** भर सकते हैं। संबंधित विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपनी संस्था में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी रिकार्ड हेतु सुरक्षित रखें।

2) विद्यार्थी स्क्रूटनी के लिये प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500/–मात्र प्रति प्रश्न–पत्र की दर से बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड,, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित खाता संख्या–36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। निर्धारित स्क्रूटनी शुल्क सहित पूर्ण एवं स्पष्ट ऑन लाइन आवेदन के जमा किये बिना स्क्रूटनी नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी तथा किसी भी दशा में शुल्क वापसी नहीं की जायेगी। अतएव स्क्रूटनी–आवेदन को सावधानी पूर्वक भरें।

3) ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु हेल्प लाइन नं0–8737036906 पर सम्पर्क करें।

4) **ऑनलाइन स्क्रूटनी आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देशः–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी रसीद की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।

उपर्युक्तानुसार स्क्रूटनी (Scrutiny) हेतु ऑन लाइन आवेदन निर्धारित तिथि तक प्रत्येक दशा में भरना सुनिश्चित करें ताकि स्कूटनी प्रकिया ससमय सम्पादित कराई जा सके।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. प्राचार्य, टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ अपने स्तर से उपरोक्तानुसार विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) परीक्षणोपरान्त सूचीबद्ध विवरण सहित यथाशीघ्र ससमय अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
6. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।

23/3/21
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक